बैठक - प्रतिवेदन

दिनांक 30.1.2019 को अपरान्ह 2.00 बजे महाविद्यालय विकास समिति की साधारण सभा सेमिनार हॉल में आयोजित की गई। सभा में निम्नलिखित सदस्यों को आमंत्रित किया गया।

अध्यक्ष - डॉ श्रीमती रीटा गुलाटी

सचिव - श्रीमती प्रेमजीत कौर सूरी

कोषाध्यक्ष - डा० स्मृति जौहरी

आयुक्तालय प्रतिनिधि - श्री० के० एम० गवेन्द्रा

बाह्य सदस्य -

श्री ओम कृष्णा बिरला (सांसद)
श्री शान्ति धारीवाल (विधायक)
श्री महेश विजय (महापौर)
श्री सुरेन्द्र गोचर (जिला प्रमुख)
श्रीमती भावना शर्मा (सहा० कलक्टर मुख्यालय)

डा० श्रीमती संतोष गोचिया (शिक्षाविद्)
श्रीमती रश्मि गोयल (शिक्षाविद्)
श्रीमती तनुजा खन्ना (प्रबुद्ध नागरिक)
श्रीमती कृष्णा खण्डेलवाल (प्रबुद्ध नागरिक)
श्रीमती कुमकुम जेटली (महिला उद्यमी)
श्रीमती स्वाति गुप्ता (सामाजिक कार्यकर्ता)
सुश्री नीतू सिंह (नामित सदस्य)
श्री बुन्दु अली (अभिभावक)
श्री बी० एल नागर (अभिभावक)

आन्तरिक विकास समिति -

श्रीमती मधु खन्ना (सह आचार्य)
डा० श्रीमती लक्ष्मी माल (सह आचार्य)
डा० श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव (सह आचार्य)
डा० श्रीमती फातिमा सुल्ताना (सह आचार्य)
श्री घनश्याम नागर (सहा० लेखा० प्र० I)
श्रीमती सुमन शर्मा (स्टोर कीपर)
श्रीमती मेरी कुट्टी (कैशियर)
श्रीमती प्रेमलता कश्यप ()
सुश्री टीना सुवालका (छात्रसंघ अध्यक्ष) 2018-19
डा० के एम० गावेन्द्रा स० नि० कॉलेज शिक्षा

बैठक की कार्यवाही इस प्रकार रही -

बिन्दु स० 1 : सर्वप्रथम बैठक में आमंत्रित सभी सदस्यों का विकास समिति सचिव श्रीमती प्रेमजीत सूरी द्वारा स्वागत किया गया।

बिन्दु स० 2 : गत बैठक का प्रतिवेदन सचिव श्रीमती प्रेमजीत सूरी द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसका अनुमोदन महाविद्यालय विकास समिति अध्यक्ष डा० श्रीमती रीटा गुलाटी जी द्वारा किया गया।

बिन्दु स० 3 : कालेज शिक्षा आयुक्तालय द्वारा नव नियुक्त सहायक निदेशक श्री के० एम० गावेन्द्रा जी का समिति अध्यक्ष व सभी सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। आयुक्तालय प्रतिनिधि बनने पर श्री गवेन्द्रा जी ने महाविद्यालय विकास के लिये हर संभव मदद व परामर्श देने को सदैव उपलब्ध रहने को कहा।

बिन्दु स० 4 : सचिव महोदया द्वारा पिछली बैठक में निर्धारित कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत की गई व शेष रहे कार्यों को अतिशीघ्र सम्पन्न करवाने का प्रयास करने को कहा। सचिव जी ने आज की बैठक का एजेन्डा प्रस्तुत किया।

बिन्दु सं : 5 : रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डा० लक्ष्मी माल जी ने प्रयोगशाला के सामान आदि की सुरक्षा हेतू विभाग की पीछे वाली दीवार ऊँची उठवाने को कहा। उन्होंने रसायन शास्त्र विभाग के सामने जल भराव वाली जमीन का मिट्टी से पटान कर व अत्यधिक जलभराव की समुचित निकासी को सुझाव दिया जिसका की सचिव महोदय व अन्य सदस्यों ने विचार विमर्श कर ठीक करवाने को कहा।

बिन्दु सं : 6 : वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डा० प्रतिमा श्रीवास्तव जी ने भी विभाग द्वारा संधारण की जा रही नरसरी में भी जलभराव से पौधों के नष्ट होने का उपाय करने को कहा। उन्होंने मिट्टी के बड़े गमलों में आवश्यक पौधों के रखरखाव व पौधारोपण की सुझाव दिया जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया।

डा० प्रतिमा श्रीवास्तव ने वनस्पति विभाग में स्ववित्तपोषी योजना अन्तर्गत M.Sc. Prev. में 10 सीटें प्रारम्भ करवाने का सुझाव दिया। सचिव महोदय ने आयुक्तालय के नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा।

बिन्दु सं : 7 : प्रबुद्ध नागरिक श्रीमती कृष्णा खण्डेलवाल ने महाविद्यालय विकास हेतू स्थानीय विधायकों व पार्षदों से निरन्तर सम्पर्क कर महाविद्यालय का विकास व आवश्यकताऐं पूर्ण करवाने का सुझाव दिया जिसका की सभी सदस्यों ने प्रयास करने को कहा। श्रीमती कृष्णा ने महाविद्यालय की दीवारें ऊँची करवाने व जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने को विधायक जी से सम्पर्क करने को कहा जिससे की विधायक कोष से निर्माण करवाया जा सके।

बिन्दु सं : 8 : श्रीमती सूरी ने बताया कि पुस्तकालय का आटोमेशन किया जा रहा है इस हेतू एक बुक लिफ्टर की आवश्यकता है जिससे की कार्य का सम्पादन सुव्यवस्थित तरीके से किया जा सके। उपस्थित सभी सदस्यों ने अतिशीघ्र व्यवस्था करने की सहमति प्रदान करी।

बिन्दु सं : 9 : छात्र संघ अध्यक्ष सुश्री टीना सुवालका ने छात्राओं की भी उपस्थिति बायोमैट्रिक पद्धति से करवाने की बात कही। सभी सदस्यों ने सुझाव की सराहना करी व सम्पूर्ण राज्य में छात्राओं के हित के लिए उपयोगी बताया।

बिन्दु सं : 10 : भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष श्रीमती सूरी ने आगामी सत्र 2019-20 से भौतिक शास्त्र में M.Sc (Prev.) की सीटों में छात्राओं के रुझान को देखते हुए 10 सीटें बढ़ाने का आयुक्तालय अनुमति अनुसार प्रस्ताव दिया जिसका कि सभी सदस्यों ने सहर्ष अनुमोदन किया।

बिन्दु सं : 11 : प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डा० फातिमा सुल्तान ने SFS में संचालित M.Sc (Prev) की सीटें में बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव दिया। विकास समिति सचिव ने आयुक्तालय नियमानुसार व निर्देश से ही सीटें में बढ़ोत्तरी करना संभव बताया। सभी सदस्यों ने नियम पूर्वक यथा संभव प्रयास करने को कहा। वर्तमान में 20 सीटें संचालित हैं जिनको की 30 करने का प्रस्ताव है।

बिन्दु सं : 12 : महाविद्यालय विकास समिति कोषाध्यक्ष डा० स्मृति जौहरी ने भामाशाह द्वारा भेंट किये गये वाटर कूलर की सुरक्षा हेतू लोहे की जाली व शेड बनवाने को कहा।

वाटर कूलर R.No. 88 के बाहर खुले स्थान में स्थित होने के कारण सुरक्षित रखना जरूरी बताया। सभी सदस्यों ने इनके सुझाव का अनुमोदन किया।

कोषाध्यक्ष ने प्रशासनिक भवन स्थित Toilets की मरम्मत की भी आवश्यकता बताई। सचिव महोदया ने विचार विमर्श कर मरम्मत करवाने को कहा।

बिन्दु सं: 13: सचिव श्रीमती प्रेमजीत सूरी ने बताया कि परिक्षा के दिनों में अत्यधिक धूप व बारिश से बचने के लिये प्रशासनिक भवन से लेकर ज्ञान केन्द्र तक टीन शेड निर्माण की आवश्यकता बताई जिसका की सभी सदस्यों ने छात्राओं व शिक्षकों की असुविधा को देखते हुए अतिशीघ्र कार्य करवाने का अनुमोदन किया।

बिन्दु सं: 14: सचिव जी ने बताया कि महाविद्यालय सफाई हेतु लगाये गये सफाईकर्मी न्यूनतम राशि में सफाई करने को सहमत है अतः आगामी माह में भी इन्हीं सफाईकर्मी को रखा जा सकता है। इससे कम वेतन में अन्य कोई कर्मी सहमत नहीं हो रहा है, जिसका की सभी सदस्यों ने आवश्यकतानुसार कर्मी की सेवाएं लेने का अनुमोदन किया।

अन्त में कोषाध्यक्ष डा० स्मृति जौहरी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को सहयोग प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया।

कार्यों की आवश्यकता व प्राथमिकता अनुसार तय कर उपरोक्त कार्यवाही का अनुमोदन कर पूर्व में लिये गये प्रस्तावों के क्रियानवन की सभी सदस्यों ने अनुमति प्रदान करी।

संगीता [signature]
अध्यक्ष

[signature]
कोषाध्यक्ष
(डा० स्मृति जौहरी)

[signature]
सचिव
(श्रीमती प्रेमजीत सूरी)